# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, उन्नाव

पत्रांक 1342/14–1 दिनांक, 07 फरवरी, 2024

सेवा में,

सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड,
लोक निर्माण विभाग, उ
उन्नाव।

विषयः– जनपद उन्नाव में प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा दही चौकी पावर हाउस से अग्नि शमन प्रशिक्षण केन्द्र दोस्तीनगर–उन्नाव तक बाईपास रोड के निर्माण में प्रभावित 7.3634 हे0 आरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं बाधक 376 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– भारत सरकार की पत्र सख्या–8बी/यूपी/06/104/2023/एफसी/494 दिनांक 01.02.2024 तथा मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ की पत्र सं0–1960/11–सी–एफपी/यूपी/रोड/25904/2017 दि0–07.02.2024।

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र जो अति मुख्य सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन, बापू भवन, लखनऊ को सम्बोधित तथा अधोहस्ताक्षरी व आपको एवं अन्य को पृष्ठांकित है। सन्दर्भित पत्र द्वारा जनपद उन्नाव के अन्तर्गत प्रस्तावित प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा दही चौकी पावर हाउस से अग्नि शमन प्रशिक्षण केन्द्र दोस्तीनगर– उन्नाव तक बाईपास रोड के निर्माण में प्रभावित 7.3634 हे0 आरक्षित वनभूमि पर गैर वानिकी प्रयोग हेतु जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति पत्र में उल्लिखित शर्तों के अधीन सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। निहित शर्तों पर अनुपालन आख्या एवं अभिलेख/प्रमाण पत्र उच्च स्तर को उपलब्ध कराये जाने के पश्चात ही प्रश्नगत आरक्षित वनभूमि पर गैर वानिकी कार्य की अनुमति हेतु विधिवत स्वीकृति भारत सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी।

अतः सन्दर्भित पत्र दि0–01.02.2024 में उल्लिखित बिन्दु सं0–01 से 31 तक के समस्त शर्तों पर अनुपालन आख्या/वचनबद्वता प्रमाण पत्र पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करते हुए वचनबद्वता प्रमाण इस कार्यालय को निम्नानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें–

**बिन्दु सं0–2** **प्रभावित वन भूमि का क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु सी0ए0 की धनराशि रू0–18,90,000.00** को ऑनलाइन ई–पोर्टल पर चालान के माध्यम से कैम्पा खाते में जमा कर ऑनलाइन ई–रसीद की प्रति मूल में उपलब्ध कराया जाये।

**बिन्दु सं0–6** प्रभावित वन भूमि का **शुद्व वर्तमान मूल्य (एन0पी0वी0) की धनराशि–क्षेत्रफल–7.3624हे0x957780 (प्रति हे0 संशोधित दर) रू0–70,51,560.00** को ऑनलाइन ई–पोर्टल पर चालान के माध्यम से कैम्पा खाते में जमा कर ऑनलाइन ई–रसीद की प्रति मूल में उपलब्ध कराया जाये।

**बिन्दु सं0–29** प्रभावित वन भूमि पर रोड साइड फेंसिग हेतु धनराशि **(प्राक्कलन संलग्नक है) रू0–14,50,000.00** को ऑनलाइन ई–पोर्टल पर चालान के माध्यम से कैम्पा खाते में जमा कर ऑनलाइन ई–रसीद की प्रति मूल में उपलब्ध कराया जाये।

अतः उपरोक्तानुसार **क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु सी0ए0 की धनराशि रू0–18,90,000.00 (रू0–अट्ठारह लाख नब्बे हजार मात्र) तथा एन0पी0वी0 की धनराशि रू0–70,51,560.00 (रू0–सत्तर लाख इक्कयावन हजार पांच सौ साठ मात्र) तथा** प्रभावित वन भूमि पर रोड साइड फेंसिग हेतु धनराशि **(प्राक्कलन संलग्नक है) रू0–14,50,000.00** **को ऑनलाइन पोर्टल पर ई–चालान के माध्यम से कैम्पा खाते में जमा कर ऑनलाइन ई–रसीद की प्रति मूल में 01 प्रति में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।** इंगित बिन्दु सं0–01 से 31 तक के समस्त शर्तों पर अनुपालन आख्या/वचनबद्वता प्रमाण पत्र परिवेश पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करते हुए वचनबद्वता प्रमाण पत्र इस

कार्यालय को 01 प्रति में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि विधिवत स्वीकृति हेतु अनुपालन आख्या उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके।

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग,
उन्नाव

पत्रांक /समदिनांक

प्रतिलिपिः— मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ को उनके उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ को उपरोक्त सन्दर्भित पत्र जो आपको पृष्ठांकित है, के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— क्षेत्रीय वनाधिकारी, उन्नाव को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि याचक विभाग द्वारा प्रस्तावित भूमि पर वन संरक्षण अधिनियम—1980 का उल्लंघन तो नही किया गया है, का प्रमाण पत्र 01 प्रति में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग,
उन्नाव

प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा दही चौकी पावर हाउस से अग्नि शमन प्रशिक्षण केन्द्र दोस्तीनगर–उन्नाव तक बाईपास रोड के निर्माण में प्रभावित 7.3624 हे0 आरक्षित वनभूमि के मार्ग के किनारे तार–बाड़ फेंसिंग का प्राक्कलन।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | इकाई | मात्रा | दर | कुल धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर0सी0सी0 खम्भों का मूल्य ढुलान सहित(0.15 X 10 X 1.18) | प्रति ख0 | 1840.00 | 404.00 | 743360.00 |
| 2 | कांटेदार तार का मूल्य (200 रनिंग मी0 प्रति हे0) | प्रति टन | 3.30 | 84892.50 | 280145.25 |
| 3 | आर0सी0सी0 खम्भों की ग्राउटिंग 6:3:1 सीमेंट कंक्रीट | प्रति खम्भा | 1840 | 196.00 | 360640.00 |
| 4 | खम्भों का स्थानीय ढुलान | प्रति खम्भा | 1840 | 3.78 | 6955.20 |
| 5 | तार की खिंचाई | रु0 | 46000.0 | 0.98 | 45080.00 |
| | योग | | | | **1436180.45** |
| | अन्य व्यय | | | | **13820.00** |
| | कुल योग– | | | | **1450000.45** |

उपरोक्त दरें मुख्य वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय की पत्र सं0–जी0254/15–1 (सीलिंग दर) दिनांक 12.02.2021 द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी
रेन्ज उन्नाव

उप प्रभागीय वनाधिकारी
उन्नाव

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग
उन्नाव।